an>

Title: Need to increase the budget of Rajiv Gandhi Khel Abhiyaan .

**श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) :** माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं न केवल अपने निर्वाचन क्षेत्र बल्कि पूरे देश के मामले के बारे में कहना चाहता हूं। ग्रामीण क्षेत्रों में खिलाड़ी प्रतिभाओं को विकसित और प्रोत्साहित करने के लिए पाइका योजना वर्ष 2009 में चलाई गई थी। इस योजना का बजट बहुत कम रहा वर्ष 2014 तक इस योजना में केवल कुछ खेलकूद कराए गए लेकिन प्रतिभाओं को निखारने में ज्यादा रोल नहीं हो सका।अल्टीमेटली वर्ष 1 अप्रैल, 2014 को यह योजना राजीव गांधी खेल अभियान में कन्वर्ट हो गई। पिछले पांच-छः साल से इस योजना में बजट बहुत कम दिया जा रहा है जबकि हर ब्लॉक में, हर पंचायत समिति में एक स्टेडियम बनना है। वर्ष 2013-14, 2014-15 और 2015-16 में बजट बहुत कम दिया गया है जबकि पूरे देश में हर राज्य में 10-15 पंचायत समिति में स्टेडियम बनना है जिसकी लागत 1 करोड़ 60 लाख है।

मेरा आपके माध्यम से खेल मंत्री जी और वित्त मंत्री जी से निवेदन है कि बजट बढाया जाए।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Manoj Rajoria, Shri Keshav Prasad Maurya, Shri Bhairon Prasad Mishra and sdPushpendra Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri C.R. Chaudhary.